इधर-उधर की

उसैन बोल्ट को मात देगा चीन का ये सुपरमैन रोबोट

46 किमी/घंटे की रफ्तार से दौड़ता है ये रोबोट ● इंटरनेट मीडिया

बीजिंग, एजेंसी : इंसान अभी रोबोट को अपने जैसा बनाने की कोशिश कर रहा है, पर चीन का एक रोबोट अब इंसानों से तेज दौड़ने का दावा कर रहा है। चीन की रोबोटिक्स कंपनी यूनिट्री ने सुपरमैन नाम का ह्यूमनाइड रोबोट पेश किया है। यह रोबोट 12.66 मीटर प्रति सेकंड यानी करीब 45.6 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है। यह रफ्तार 100 मीटर के विश्व रिकार्डधारी उसैन बोल्ट की दर्ज अधिकतम गति से भी अधिक बताई गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, सुपरमैन बिना दौड़ लगाए दो मीटर ऊंची छलांग भी लगा सकता है। हैरानी की बात यह है कि उसके पैरों की लंबाई 0.85 मीटर है। इसे विकसित करने में तीन माह से थोड़ा अधिक समय लगा।

एक शिक्षक की पहल प्रतिदिन पढ़ा रही 20 लाख विद्यार्थियों को शिक्षा का पाठ

डा. सर्वेष्ट मिश्र के नवाचार से जुड़े उत्तर प्रदेश के 75 हजार से ज्यादा शिक्षक, जिनके जरिये विद्यार्थियों तक पहुंचती है शैक्षणिक सामग्री

रजनीश त्रिपाठी ● नईदुनिया

नईदुनिया विशेष

गोरखपुर: कोरोना काल में जब स्कूलों के दरवाजे बंद थे, तब उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के शिक्षक डा. सर्वेष्ट मिश्र शिक्षा में नवाचार की बुनियाद रख रहे थे। परिचित शिक्षकों को जोड़कर उन्होंने वाट्सएप ग्रुप बनाए, जिसमें सहभागियों की संख्या देखते-ही-देखते एक हजार के पार पहुंच गई। उनका उद्देश्य शिक्षकों के नवाचार, अनुभव और उपयोगी शैक्षणिक सामग्री को एक-दूसरे तक पहुंचाना था। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से शिक्षक जुड़े तो इस प्रयास को विस्तार मिला और प्रत्येक जिले के अलग-अलग ग्रुप बनाए गए। कुछ जिलों में तो दो या तीन ग्रुप भी हैं। इस पहल को नाम मिला एडूलीडर्स। इसके जरिये प्रतिदिन 20 लाख से अधिक विद्यार्थियों तक अब नैतिक और शारीरिक शिक्षा के साथ सामान्य अध्ययन से जुड़ी उपयोगी सामग्री पहुंच रही है। 75 हजार शिक्षकों को प्रार्थना सभा और कक्षा में उपयोग के लिए नए विचार मिल रहे हैं। मुख्य ग्रुप पर तैयार सामग्री सुबह पांच बजे तक सभी जिलों के ग्रुपों के माध्यम से शिक्षकों तक पहुंच जाती है।

शिक्षकों का मार्गदर्शन करना भी उद्देश्य: राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक डा. सर्वेष्ट एडूलीडर्स की व्याख्या शैक्षिक मागदर्शक के तौर पर करते हैं। शैक्षणिक सामग्री में होता क्या है? इस बारे में वह उत्साहित होकर बताते हैं। उनके अनुसार एडूलीडर्स का उद्देश्य केवल सामग्री उपलब्ध कराना नहीं, शिक्षकों को शैक्षणिक मार्गदर्शन देना भी है। इसमें आज का सुविचार, ज्ञान गंगा, हिंदी-अंग्रेजी-संस्कृत शब्द, सामान्य अध्ययन, बूझ भाई बूझ, सुभाषितानि, योग प्रवाह, बाल सवाल और शब्द संग्रह जैसे विषय पर ऐसी शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, जो निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अनिवार्य है। इसके अलावा मार्निंग सर्किल टाइम, स्वतंत्र खेल, भाषा एवं साक्षरता कौशल, कला, गणित और खेल से जुड़ी गतिविधियों के सुझाव भी दिए जाते हैं। सामग्री विभिन्न पुस्तकों, इंटरनेट, पत्रिकाओं और अन्य स्रोतों से जुटाई जाती है तथा स्रोत का उल्लेख भी किया जाता है, जिससे भ्रम की स्थिति न बने।

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

आदर्श प्राथमिक विद्यालय, मूड़घाट, बस्ती। इसी के प्रधानाध्यापक हैं मिश्र ● ब्यूरो

75 जिलों में बने एडूलीडर्स ग्रुप, सबके अलग एडमिन

1000 से अधिक शिक्षक हैं प्रत्येक जिले के ग्रुप में

30 हजार लोग जुड़े हैं कुटुंब एप में

5 बजे सुबह पहुंच जाती है शैक्षणिक सामग्री शिक्षकों तक

शिक्षक भी सराह रहे यह प्रयास

डा. सर्वेष्ट की इस पहल का लाभ शिक्षक भी महसूस कर रहे हैं। झांसी के बड़ागांव ब्लाक स्थित कोट प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका डा. सुमन, सुभाषितानि को बच्चों में नैतिक मूल्य विकसित करने का उपयोगी माध्यम मानती हैं। बिजनौर के नजीबाबाद स्थित अकबरपुर आंवला उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सुधीर राणा कहते हैं कि जिस शैक्षणिक सामग्री को जुटाने में समय लगता था, वह अब एक ही मंच पर उपलब्ध हो जाती है। लखनऊ के गोसाईगंज ब्लाक स्थित बखारी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार, संस्कारशाला, नए शब्द और सामान्य ज्ञान से जुड़ी सामग्री को उपयोगी बताते हैं। कुशीनगर के पडरौना स्थित गायघाट प्रधान टोला उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सत्यजीत द्विवेदी, गुड टच-बैड टच और आत्मरक्षा से जुड़ी सामग्री को बच्चों के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं।

अन्य माध्यमों से भी सामग्री प्राप्त करने की सुविधा

एडूलीडर्स की सामग्री वाट्सएप के साथ फेसबुक पेज, कुटुंब एप और एक्स पर भी उपलब्ध है। कुटुंब एप से करीब 30 हजार लोग जुड़े हैं। शिक्षा में नवाचार करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष एडूलीडर्स अवार्ड भी दिए जाते हैं।

मिश्र राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

डा. सर्वेष्ट मिश्र

डा. सर्वेष्ट मिश्र, आदर्श प्राथमिक विद्यालय मूड़घाट, बस्ती के प्रधानाध्यापक हैं। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए वर्ष 2018 में उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके कार्यों की सराहना कर चुके हैं। वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की बेसिक शिक्षा स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य हैं। राज्य माड्यूल लेखन, राज्य आकलन समूह और प्री-प्राइमरी शिक्षा संचालन समिति से जुड़े हैं। बस्ती में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के वह जिला समन्वयक भी हैं।

इंडिया डे फेस्टिवल की मेजबानी करेगा रूस

मास्को, एजेंसी : मास्को के गोस्तिनी द्वोर में 20 से 23 अगस्त तक इंडिया डे फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। यह भारतीय और रूसी समुदायों को संस्कृति, परंपराओं और लोगों के बीच आपसी संबंधों का जश्न मनाने के लिए एक साथ लाएगा।

"संस्कृतियों की एकता-लोगों की दोस्ती" थीम पर आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल में कई जगहों पर अलग-अलग तरह के कार्यक्रम होंगे। लगभग 20 विशेष जोन में आने वाले लोगों को भारतीय संस्कृति के अलग-अलग पहलुओं, जैसे योग, शतरंज, भारतीय शादियों, डांस और आयुर्वेद, को जानने-समझने का मौका मिलेगा।

उम्मीद है कि इस फेस्टिवल में पूरे रूस से लगभग 75 योग स्कूल और दूसरे देशों के प्रशिक्षक शामिल होंगे। 200 से अधिक भारतीय और रूसी डांसर भारतीय डांस की विविधता और कलात्मक परंपराओं को दिखाने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा, आने वाले लोगों को कुकिंग मास्टरक्लास, रेस्टोरेंट और भारतीय व्यंजन व खाने-पीने की चीजें बेचने वाली दुकानों के जरिए भारतीय व्यंजनों का अनुभव करने का मौका भी मिलेगा।

संघ प्रमुख मोहन भागवत के दौरे के समर्थन में उतरे 100 से अधिक हिंदू कनाडाई संगठन

वाशिंगटन, एजेंसी : सौ से अधिक कनाडाई हिंदू और नागरिक अधिकार संगठनों ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की सरकार से संघ प्रमुख मोहन भागवत को कनाडा आने की अनुमति देने की अपील की है। उन्होंने भागवत को कनाडा में प्रवेश के अयोग्य घोषित करने की मांगों को खारिज कर दिया।

कार्नी और तीन वरिष्ठ मंत्रियों को लिखे संयुक्त पत्र में, इन समूहों ने कहा कि भागवत से जुड़ा कोई भी आव्रजन या सार्वजनिक सुरक्षा संबंधी निर्णय राजनीतिक दबाव के बजाय विश्वसनीय सबूतों और उचित प्रक्रिया पर आधारित होना चाहिए। यह पत्र सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी, आव्रजन मंत्री लीना मेटलेज डियाब और विदेश मंत्री अनीता आनंद को भी भेजा गया था।

इस पत्र के अनुसार, न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद जेनी क्वान और हीथर मैकफर्सन के साथ-साथ कई संगठनों ने कनाडा सरकार से भागवत को देश में आने से रोकने की मांग की थी। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों ने कहा कि भागवत का प्रस्तावित दौरा कनाडा के हिंदू समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है, जिसकी आबादी दस लाख से अधिक है। उन्होंने संघ को एक प्रमुख भारतीय संगठन बताया जो सामुदायिक सेवा, सामाजिक पहल, सांस्कृतिक गतिविधियों और सार्वजनिक चर्चाओं में शामिल है। भागवत पर रोक लगाने की मांगों का जिक्र करते हुए पत्र में कहा गया, ऐसा कदम सबूत, उचित प्रक्रिया, अभिव्यक्ति की आजादी, धार्मिक स्वतंत्रता और कनाडाई कानून के तहत समान व्यवहार को लेकर गंभीर सवाल खड़े करेगा।

लापता व बचाए गए बच्चों के मामले में केंद्र से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) से जवाब मांगा। इस याचिका में लापता और बचाए गए बच्चों की वैज्ञानिक तरीके से पहचान, तलाश और उनके परिवारों से पुनर्मिलन के लिए राष्ट्रीय डीएनए व

बायोमीट्रिक पहचान प्रणाली स्थापित करने की मांग की गई है।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने रीपल कंसल की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय और एनसीपीसीआर को नोटिस जारी किए। वकील प्रवीर चौधरी के माध्यम से दाखिल याचिका में केंद्र और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को लापता और बचाए गए बच्चों की डीएनए व बायोमीट्रिक पहचान के लिए एक केंद्रीकृत प्रणाली बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में लापता और तस्करी के शिकार बच्चों के मामलों में राज्यों के बीच अनिवार्य समन्वय, समयबद्ध जांच, बचाव और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर बाल संरक्षण व मानव तस्करी रोधी कार्यबल गठित करने की मांग भी की गई है।

संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश
गुरु तेग बहादुर काम्पलेक्स, टी टी नगर, न्यू मार्केट भोपाल 462003
विज्ञप्ति

क्रमांकः 202 / स्था/संसैक/2026/1200 **दिनांक 2 अगस्त 2026**

1. संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश के निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु भूतपूर्व सैनिकों से आवेदन आमंत्रित हैं:-

क्रमांक	पद	संख्या	आरक्षण	स्थान
1.1	अधीक्षक	01	अनुसूचित जनजाति	-
1.2	कल्याण संयोजक	01	अनुसूचित जनजाति	-
1.3	सहायक ग्रेड-3	09	अनुसूचित जनजाति-06 अनुसूचित जाति 02 अन्य पिछडा वर्ग 01	-
1.4	भृत्य	04	अनारक्षित-02, अनुसूचित जनजाति-02	-

2. जानकारी https://sainikkalyan.mp.gov.in या आवेदन का प्रारुप, अर्हता एवं अन्य जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती है।
3. भूतपूर्व सैनिक अपना आवेदन जिस जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पंजीकृत है, से डाक से 31 अगस्त 2026 तक भेजना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

बिग्रेडियर अरुण नायर,
सेना मेडल (से.नि.)
संचालक

जी-17265/26

कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_529601_1 13-07-2026	वार्ड क्र. 46 मॉ बेटी चौराहे तक विस्मिल चौराहे और महाराजपुर रोड़ तक डामरी करण रोड़ कार्य।	1. 05 माह 2. 241.00 लाख	1. 15000/- 2. 120564/-	31.08.2026

नोट:- निविदा संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, मुरैना (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर म.प्र.

क्रमांक/निर्माण शाखा/2026/2624 शाजापुर, दिनांकः- 19.08.2026

ई-निविदा आमंत्रण - सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्र. एवं जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि (रुपए में)	निविदा की अंतिम तिथी
1	2026_UAD_530582_1 18.08.2026	नगर पालिका परिषद शाजापुर के वार्ड क्रमांक 28, 10, 26, 29, 15, एवं 14 में नवीन आंगनवाड़ी भवन एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य।	01. 180 दिन 02. 87.14 (लाख)	01. 10,000.00 02. 65,400.00	19.09.2026 05.30 PM

प्रेम जैन, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
पं. संतोष जोशी, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
कौशल बंटी कसेरा, सभापति, लोकनिर्माण, उद्यान, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, नगर पालिका परिषद शाजापुर
भुपेन्द्र कुमार दीक्षित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद शाजापुर

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

Bank of India रिश्तों की जमापूंजी Relationship beyond banking

आस्ति वसूली शाखा, आंचलिक कार्यालय प्लॉट नंबर 9-आरसी, स्कीम नंबर 134, एम. आर-10 इंदौर (म.प्र.) 452010
फोन नम्बर 0731-2445122, 212
Email: arb.indore@bankofindia.bank.in

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

ई-नीलामी विक्रय सूचना **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना**

आल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाले/जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल संपत्ति जो **प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया)** के पास गिरवी / प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है ,जैसा है और जो कुछ भी है ''** के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदारों से बैंक ऑफ इंड़िया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु **दिनांक 25.09.2026** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य अग्रिम धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमशः दी गई है।

ई-नीलामी दिनांक 25.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक

शाखा का नाम (1)	ऋणी / जमानतदार का नाम (2)	संपत्ती का विवरण व स्वामी का नाम (3)	मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4)	आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5)	आरक्षित राशि (रू.) (6)	ईएमडी (7)
शाखा : एआरबी	**मेसर्स श्री गीता टेक्सटाइल मिल्स प्राइवेट लिमिटेड,** **पता:-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **(यह नोटिस केवल श्रीमती गीता देवी मित्तल, श्रीमती अनीता मित्तल, श्रीमती पूनम टिल्रानी और श्रीमती दीप्ति टिल्रानी (सभी पर्सनल जमानतदार हैं) की संपत्ति की बिक्री के बारे में जानकारी देने के लिए भेजा जा रहा है।)** **श्री अनुरोध मित्तल पिता रामधारी मित्तल (मैनेजिंग डायरेक्टर/जमानतदार)** **पता:-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **पता:-** अंबिका सदन, 19/20, विजय नगर, वार्ड नंबर 42, रुईकर वार्ड, लालबाग रोड, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **(यह नोटिस केवल श्रीमती गीता देवी मित्तल, श्रीमती अनीता मित्तल, श्रीमती पूनम टिल्रानी और श्रीमती दीप्ति टिल्रानी (सभी पर्सनल जमानतदार हैं) की संपत्ति की बिक्री के बारे में जानकारी देने के लिए भेजा जा रहा है।)** **श्री अनुराग मित्तल पिता रामधारी मित्तल (डायरेक्टर/जमानतदार)** **पता:-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **पता:-** अंबिका सदन, 19/20, विजय नगर, वार्ड नंबर 42, रुईकर वार्ड, लालबाग रोड, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **(यह नोटिस केवल श्रीमती गीता देवी मित्तल, श्रीमती अनीता मित्तल, श्रीमती पूनम टिल्रानी और श्रीमती दीप्ति टिल्रानी (सभी पर्सनल जमानतदार हैं) की संपत्ति की बिक्री के बारे में जानकारी देने के लिए भेजा जा रहा है।)** **श्रीमती ज्योति मित्तल पति अनुरोध मित्तल (डायरेक्टर/जमानतदार)** **पता :-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **पता :-** अंबिका सदन, 19/20, विजय नगर, वार्ड नंबर 42, रुइकर वार्ड, लालबाग रोड, बुरहानपुर। मध्य प्रदेश (450331)**(यह नोटिस केवल श्रीमती गीता देवी मित्तल, श्रीमती अनीता मित्तल, श्रीमती पूनम टिल्रानी और श्रीमती दीप्ति टिल्रानी (सभी पर्सनल जमानतदार हैं) की संपत्ति की बिक्री के बारे में जानकारी देने के लिए भेजा जा रहा है।)** श्री रामधारी मित्तल पिता श्रीनिवास तुलसीराम (जमानतदार) **पता :-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **पता :-** अंबिका सदन, 19/20, विजय नगर, वार्ड नंबर 42, रुइकर वार्ड, लालबाग रोड, बुरहानपुर। मध्य प्रदेश (450331) **(यह नोटिस केवल श्रीमती गीता देवी मित्तल, श्रीमती अनीता मित्तल, श्रीमती पूनम टिल्रानी और श्रीमती दीप्ति टिल्रानी (सभी पर्सनल जमानतदार हैं) की संपत्ति की बिक्री के बारे में जानकारी देने के लिए भेजा जा रहा है।)** **श्रीमती गीता देवी मित्तल पति रामधारी मित्तल (जमानतदार)** **पता :-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **पता :-** अंबिका सदन, 19/20, विजय नगर, वार्ड नंबर 42, रुईकर वार्ड, लालबाग रोड, बुरहानपुर मध्य प्रदेश (450331) **श्रीमती अनिता मित्तल पति अनुराग मित्तल (जमानतदार)** **पता :-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **पता :-** अंबिका सदन, 19/20, विजय नगर, वार्ड नंबर 42, रुइकर वार्ड, लालबाग रोड, बुरहानपुर मध्य प्रदेश (450331). **श्री मनीष बचुका पिता बसंत कुमार बचुका (जमानतदार)** **पता:-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **पता:-** न्यू राधा किशन प्लॉट, अकोला महाराष्ट्र (444001) **(यह नोटिस केवल श्रीमती गीता देवी मित्तल, श्रीमती अनीता मित्तल, श्रीमती पूनम टिल्रानी और श्रीमती दीप्ति टिल्रानी (सभी पर्सनल जमानतदार हैं) की संपत्ति की बिक्री के बारे में जानकारी देने के लिए भेजा जा रहा है।)** **श्रीमती पूनम दीपू तिलानी (जमानतदार)** **पता:-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **पता:-** मकान नंबर 26, गुरु नानक वार्ड, मेघन कैंप, सिंधी कॉलोनी, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **श्रीमती दीप्ति संदीप तिलानी (जमानतदार)** **पता:-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **पता:-** मकान नंबर 26, गुरु नानक वार्ड, मेघन कैंप, सिंधी कॉलोनी, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **मेसर्स श्री गीता इंफ्रा (जमानतदार)** **पता:-** आलमगंज, एमागिर्द, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश (450331) **(यह नोटिस केवल श्रीमती गीता देवी मित्तल, श्रीमती अनीता मित्तल, श्रीमती पूनम टिल्रानी और श्रीमती दीप्ति टिल्रानी (सभी पर्सनल जमानतदार हैं) की संपत्ति की बिक्री के बारे में जानकारी देने के लिए भेजा जा रहा है।)**	**प्रॉपर्टी नंबर 1:** परिवर्तित व्यावसायिक भूमि (गोदाम बनाने के लिए), **संपत्ति मालिक:** श्रीमती गीता देवी मित्तल पति रामधारी मित्तल, प्रॉपर्टी पीएच नंबर 05के, सर्वे नंबर 107/2, गाँव-राहीपुरा, तहसील और जिला बुरहानपुर म.प्र.-450331, क्षेत्रफल 1.66 हेक्टेयर **प्रॉपर्टी की चतुर्सीमा (सेल डीड के अनुसार): पूर्व:** गोहा रास्ता और नाला, **पश्चिम:** श्री अनिल मनमोहनलाल, श्री पारिख की जमीन और सर्वे नंबर 107/1, **उत्तर:** गोहा रास्ता और नाला, **दक्षिण:** मालिक की भूमि **प्रॉपर्टी नंबर 2:** परिवर्तित व्यावसायिक भूमि (गोदाम बनाने के लिए), **संपत्ति मालिक:** श्रीमती गीता देवी मित्तल पति रामधारी मित्तल, प्रॉपर्टी पीएच नंबर 05के, सर्वे नंबर 107/1, गाँव-राहीपुरा, तहसील और जिला बुरहानपुर म.प्र.-450331, क्षेत्रफल 0.64 हेक्टेयर **प्रॉपर्टी की चतुर्सीमा (सेल डीड के अनुसार): पूर्व:** सर्वे नंबर 107/2 और उसके बाद गोहा रास्ता और नाला, **पश्चिम:** आम रोड, **उत्तर:** प्रतीक वालों की खेती की भूमि और फिर गोहा रास्ता और नाला, **दक्षिण:** मिस्टर पारिख की खेती की भूमि **प्रॉपर्टी नंबर 3:** परिवर्तित औद्योगिक भूमि, **संपत्ति मालिक:** श्रीमती गीता देवी मित्तल पति रामधारी मित्तल, पीएच नंबर 05के, सर्वे नंबर 107/8 (एसवाई नंबर 107/2 का पुराना दक्षिणी भाग), ग्राम-राहीपुरा, तहसील और जिला: - बुरहानपुर म.प्र. - 450331, 1.94 हेक्टेयर (208827 वर्ग फीट), **प्रॉपर्टी की चतुर्सीमा (सेल डीड के अनुसार): पूर्व:** अब्दुल गनी अब्दुल समद की कृषि भूमि, नाला और सरकारी भूमि, **पश्चिम:** सर्वे नंबर 107/1, श्री नंदकिशोर चौकसे की भूमि, **उत्तर:** विक्रेता का शेष भाग, **दक्षिण:** घनश्याम गोविंदा और भावदू सांडू की कृषि भूमि **प्रॉपर्टी नंबर 4:** परिवर्तित व्यावसायिक भूमि (गोदाम बनाने के लिए), **संपत्ति मालिक:** श्रीमती गीता देवी मित्तल पति रामधारी मित्तल, प्रॉपर्टी पीएच नंबर 05के, सर्वे नंबर 107/7 (एस वाय नम्बर 107/1 का पुराना दक्षिणी भाग) , गाँव-राहीपुरा, तहसील और जिला बुरहानपुर म.प्र.-450331, क्षेत्रफल 2.31 हेक्टेयर, **प्रॉपर्टी की चतुर्सीमा (सेल डीड के अनुसार): पूर्व:** श्री मुकेश दिगंबरदास की भूमि, सर्वे नंबर 107/2, **पश्चिम:** आम रास्ता, **उत्तर:** विक्रेता का बचा हुआ हिस्सा, **दक्षिण:** श्री रमेश कपाड़िया की भूमि, **प्रॉपर्टी नंबर 3 और 4 की संयुक्त चतुर्सीमा: पूर्व:** अब्दुल गनी अब्दुल समद की कृषि भूमि, नाला और सरकारी भूमि, **पश्चिम:** आम रास्ता, **उत्तर:** सर्वे नंबर 107/9 और 107/2 का बचा हुआ हिस्सा, **दक्षिण:** सर्वे नंबर 107/3, 106, 102/1 और 103/1 **प्रॉपर्टी नंबर 5:** परिवर्तित व्यावसायिक भूमि (गोदाम बनाने के लिए), **संपत्ति मालिक:** श्रीमती अनीता मित्तल पति अनुराग मित्तल, पीएच नंबर 05, बंदोबस्त नंबर 178, सर्वे नंबर 124/1 (सर्वे नंबर 124 का उत्तरी भाग), गांव- राहीपुरा, तहसील और जिला:- बुरहानपुर म.प्र.-450331, क्षेत्राफल 3.97 हेक्टेयर, **चतुर्सीमा (सेल डीड के अनुसार): पूर्व:** श्री अर्जुन सखाराम एवं श्री प्रभाकर नामदेव की कृषि भूमि, **पश्चिम:** गोहा रास्ता कच्चा, **उत्तर:** श्री अनिल काशीदास, श्री बाबूलाल सीताराम एवं श्री नारायण धन्नालाल की कृषि भूमि, **दक्षिण:** उसी सर्वे नंबर का बाकी हिस्सा श्रीमती ज्योति पति अनुरोध मित्तल को बेचा गया, फिर श्री अनिल सालिग्राम दुबे की कृषि भूमि **प्रॉपर्टी नंबर 6:** आवासीय भूमि, **संपत्ति मालिक:** श्रीमती पूनम तिल्रानी और श्रीमती दीप्ति तिलानी, खसरा नम्बर 342/12 (सर्वे नम्बर 342/7 का पुराना दक्षिणी भाग), लालबाग रोड, तहसील और जिला: - बुरहानपुर, म.प्र. 450331, क्षेत्रफल 7316 वर्गफुट या 0.068 हेक्टेयर, **चतुर्सीमा (सेल डीड के अनुसार) पूर्व:** श्रीमती गुलाबबाई पति श्री किशोर मोर सर्वे की भूमि नम्बर 343, **पश्चिम:** श्री माधवबिहारी नानगराम अग्रवाल संपत्ति सर्वे नम्बर 342/5, **उत्तर:** शेष भूमि 0.116 हेक्टेयर श्री रामधारी श्रीनिवास मित्तल को विक्रय की गई। फिर पंडारोल नाला के बाद, **दक्षिण:** मालिक की भूमि का डायवर्सन फिर भूमि सर्वे नंबर 342/6 श्री वासुदेवजी चौधरी और आम रास्ता	(बैंक ऑफ इंडिया की देय राशि) 11.09.2020 ₹ **44,24,16,487.00** + ब्याज एवं अन्य खर्च + (बैंक ऑफ बड़ौदा की देय राशि) 11.09.2020 ₹ **5,62,65,687.00** + ब्याज एवं अन्य खर्च	28.12.2020 एवं 29.12.2020 सांकेतिक	₹ **141.10** लाख ₹ **108.70** लाख ₹ **459.33** लाख ₹ **286.85** लाख ₹ **120.45** लाख	₹ **14.11** लाख ₹ **10.87** लाख ₹ **45.94** लाख ₹ **28.69** लाख ₹ **12.05** लाख

क्रेता के द्वारा स्टाम्प शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, टी.डी.एस. सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और संपत्तियों से संबंधित कोई अन्य खर्च, मौजूदा और भविष्य, दोनों के लिए देय होगा। बिक्री प्रमाण पत्र केवल सफल बोलीदाता के नाम से ही जारी किया जाएगा।

ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाईट **https://baanknet.com** बोलीकर्ता **https://baanknet.com**, नियम व शर्तो की अधिक जानकारी हेतु शैक्षणिक वीडियो के साथ देख सकते है। बोलीकर्ता को पूर्व में ही बोली पंजीयन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करना अनिवार्य है। नीलामी से संबंधित सभी जानकारी ई-नीलामी दिनांक से पहले ही प्राप्त कर लेने की सभी जवाबदारी बोलीकर्ता की रहेगी।

ए. सफल बोलीकर्ता को घोषणा के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) जमा करना होगा।

बी. नीलामी- बिक्री की कार्यवाही में बैंकिंग लेनदेन का समय समाप्त होने के पश्चात, खरीद मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) अगले कार्य दिवस तक जमा कराना होगा।

सी. बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान बिक्री की दिनांक से 15 वें (पंद्रहवें) दिन के भीतर जमा किया जाना होगा।

डी. उपर उल्लिखित अवधि के भीतर भुगतान न करने पर, जमा और बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेच दिया जाएगा।

इ. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा **194-IA** के तहत लागू 1% की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रु. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म **26QB** आनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म **16B** में जारी करना होगा। खरीदार को सरकारी खाते मे आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

एफ. बोली केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत की जाएगी।

जी. प्राधिकृत अधिकारी का उक्त ई-नीलाम